आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

भ्रुकवार 20.12.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- **मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में 55 करोड़ रुपये की 239 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कहा– नवनिर्मित सिटी कॉम्प्लेक्स का निर्माण राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की दृष्टि से बड़ी उपलब्धि है।**
- **केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव कल देहरादून में भारत वन स्थिति रिपोर्ट–2023 जारी करेंगे।**
- **सरकार ने चारों धामों में श्रद्धालुओं की दैनिक क्षमता बढ़ाने की योजना पर काम शुरू करने के निर्देश दिए।**
- **भारत–चीन के विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा के जल्द शुरू होने की उम्मीद।**
- **संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित।**

**मुख्यमंत्री लोकार्पण**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज हरिद्वार में करीब 55 करोड़ रुपये की 239 विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री धामी ने कहा कि हरिद्वार में नवनिर्मित सिटी कॉम्प्लेक्स का निर्माण प्रदेश के खिलाड़ियों के विकास में सहयोगी बनने के साथ ही 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की दृष्टि से बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पलायन को जड़ से खत्म करने और राज्य में उद्योग लाने तथा स्वरोजगार बढ़ाने के लिए काम कर रही है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री धामी ने कहा कि सरकार ने राज्य में स्थित सभी मदरसों की जांच के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जनवरी 2025 से समान नागरिक संहिता–यूसीसी लागू की जाएगी।

**भारत वन स्थिति रिपोर्ट**

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव कल देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान में भारत वन स्थिति रिपोर्ट–2023 जारी करेंगे। भारतीय वन सर्वेक्षण द्वारा 1987 से द्विवार्षिक आधार पर "भारत वन स्थिति रिपोर्ट प्रकाशित की जाती है। यह रिपोर्ट देश के वन और वृक्ष संसाधनों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करती है, जो भारतीय वन सर्वेक्षण की दो प्रमुख गतिविधियों यानी वन आवरण मानचित्रण और राष्ट्रीय वन सूची पर आधारित है।

**चारधाम**

प्रदेश में चारधाम यात्रा प्राधिकरण के गठन की सभी प्रक्रियाएं 30 जनवरी तक पूरी कर ली जाएंगी। आज देहरादून में एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को 15 जनवरी तक तीर्थ पुरोहितों और हितधारकों के साथ बैठक कर उनके सुझाव लेने के निर्देश दिए। श्री धामी ने अधिकारियों को चारों धामों में श्रद्धालुओं की दैनिक क्षमता बढ़ाने की योजना पर काम शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए डिजिटल तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए यात्रा पंजीकरण की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। श्री धामी ने आगामी चारधाम यात्रा के दृष्टिगत यात्रियों की सभी प्रकार की सुविधाओं, यातायात प्रबंधन और अवस्थापना सुविधाओं के विकास को

ध्यान में रखते हुए अभी से तैयारियां पूरी करने पर बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भी सुनिश्चित किया जाए कि चारधाम यात्रा मार्गों पर जिन स्थानों पर वाहनों के रुकने की व्यवस्था है, वहां पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था के साथ ही होटल, पेयजल, शौचालय, साफ–सफाई और अन्य सभी मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शीतकालीन यात्रा के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं बनने से चारधाम यात्रा के दौरान भी इससे व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहेंगी।

**संसद**

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। सदन की कार्यवाही आज सुबह जब शुरू हुई, तो विपक्षी सदस्यों ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर नारेबाजी शुरू कर दी। अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों से नियमों का सख्ती से पालन करने और संसद के किसी भी द्वार पर विरोध प्रदर्शन से दूर रहने का आग्रह किया। उधर, राज्यसभा में हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित की गई। सभापति जगदीप धनखड़ ने सांसदों से जनता के विश्वास तथा अपेक्षाओं का सम्मान करने का आग्रह किया। संसद का शीतकालीन सत्र पिछले महीने की 25 तारीख को शुरू हुआ था।

**कैलाश मानसरोवर यात्रा**

हाल ही में भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच 23वीं बैठक के बाद एक बार फिर से कैलाश मानसरोवर यात्रा और भारत चीन व्यापार शुरू होने की उम्मीद जगी है। इससे पिथौरागढ़ जिले के सीमांत इलाके में भी खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार जताया है। स्थानीय निवासी हरीश धामी का कहना है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा और भारत चीन व्यापार शुरू होने के बाद सीमांत क्षेत्र से पलायन पर रोक लगाने के साथ ही क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कैलाश मानसरोवर यात्रा नेपाल के काठमांडू और सिमिकोट, तिब्बत के ल्हासा, और भारत में उत्तराखंड के लिपुलेख पास और सिक्किम के नाथूला पास से की जाती है।

**साइंस सेंटर भूमि पूजन**

आदर्श चम्पावत के तहत जिले में उत्तराखंड का तीसरा साइंस सेंटर का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। 57 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस साइंस सेंटर का आज क्षेत्रीय विधायक प्रकाश तिवारी और जिलाधिकारी नवनीत पाण्डेय ने भूमि पूजन किया। इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चम्पावत को प्रदेश का आदर्श जिला बनाने की परिकल्पना की है जिसके तहत आज साइंस सेंटर की भूमि पूजन किया गया।

**स्लग– अन्नदाता महोत्सव**

भारतीय स्टेट बैंक अपनी सभी शाखाओं में अन्नदाता महोत्सव के तहत गत 16 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक किसान उत्सव सप्ताह मना रहा है। इसमें ग्रामीण से लेकर क्षेत्रीय शाखाओं में गोष्ठियां, आउटरीच कार्यक्रम, कार्यशालाएं और जागरुकता सत्र का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय स्टेट बैंक के व्यवसाय व परिचालन उप महाप्रबंधक विनोद कुमार ने बताया कि महोत्सव का उद्देश्य किसानों और बैंक के बीच दूरी को कम करना है। उन्होंने बताया कि किसानों की प्रगति के लिए बैंकों से आसान तरीके से ऋण की उपलब्धता, सरकारी योजनाएं और सब्सिडी जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

## प्रशिक्षण कार्यशाला

चमोली जिले के डायट गौचर में विद्यालय सुरक्षा कार्ययोजना के तहत संचालित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आज सम्पन्न हो गई। कार्यशाला के आज दूसरे दिन कर्णप्रयाग विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के 65 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। एसडीआरएफ ने शिक्षकों को संस्थान की कार्यप्रणाली, भूकंप से पूर्व की तैयारी, आपदा के दौरान और आपदा के बाद राहत व बचाव कार्यों की विस्तार से जानकारी दी।

## एक राष्ट्र एक चुनाव

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है। समिति में लोकसभा के 27 सदस्य और राज्यसभा के 12 सदस्य हैं। लोकसभा की कार्यवाही आज जब शुरू हुई, तब विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) 2024 को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश किया। यह समिति संसद के अगले सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक अपनी रिपोर्ट सदन को सौंप देगी।

## चौटाला निधन

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और इंडियन नेशनल लोकदल के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश चौटाला का आज दोपहर गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री चौटाला के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजनीति में श्री चौटाला वर्षों तक सक्रिय रहे और चौधरी देवीलाल जी के कार्यों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया। वहीं, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी श्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर दुःख व्यक्त किया है।